# FIROZAB AD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

## सराहनीय कार्य दिनाँक 07-01-2023

## थाना शिकोहाबाद पुलिस/ सर्विलांस टीम द्वारा मु0अ0स0 0006/2023 धारा 302/120 बी भादवि थाना शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले ईनामी अभियुक्त शाहरुख को किया गया गिरफ्तार।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 01.01.2023 को पवन भट्टा के पास एक व्यक्ति की निर्मम हत्या का शव पडे होने की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना पर श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय व अपर पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद द्वारा मौके पर पहुंचकर छानबीन की गयी। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया था। घटना की FIR मृतक के परिवारीजनों द्वारा थाना शिकोहाबाद पर दर्ज करायी गई थी।

श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक देहात के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में प्र0नि0 शिकोहाबाद द्वारा मय पुलिस टीम व सर्विलांस टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए घटना कारित करने वाले **अभियुक्त शाहरुख पुत्र नज्जू खाँ निवासी शंकरपुरी गली नं0 01थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद** को गिरफ्तार कर सफल अनावरण किया।

**पूछताछ का विवरण ....**गिरफ्तार अभियुक्त शाहरूख ने पूछताछ पर बताया कि मृतक नईम रिश्ते मे मेरा फूफा लगता था मेरी अभी शादी नही हुई है मृतक नईम शराब पीने का आदी था तथा बहुत अधिक शराब पीता था तथा मृतक नईम की पत्नी हसनेरा उर्फ शबाना और मेरे आपस मे प्रेम सम्बध हो गये थे मृतक नईम की पत्नी हसनेरा उर्फ शबाना अपने पति नईम को रास्ते हटाना चाहती है जिसके कारण हसनेरा उर्फ शबाना मुझसे कहती रहती थी कि तुम नईम की हत्या कर दो जिससे हम दोनो पति पत्नी की तरह रह सके। घटना वाले दिनांक 01.01.2023 को नईम की पत्नी हसनेरा उर्फ शबाना ने मुझे 200 रुपये दिये और मुझसे कहा कि इन रुपयो की शराब लेकर नईम को पिलाकर उसकी हत्या कर दो तो मै ,नईम को लेकर शराब लेने के लिए दिखतौली मे शराब के ठेके पर गया तथा वहाँ से शराब लेकर मै और नईम मलिखानपुर रोड पर स्थित पवन भट्टा के पास पहुचे जहाँ मैने नईम को शराब पिला दी जब उसे नशा चढ गया तो मैने पास मे ही ईट उठाकर उसके सिर मे मारकर उसकी हत्या कर दी तथा वहाँ से भाग गया था।

- **नाम-पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

  **1.अभियुक्त शाहरुख पुत्र नज्जू खाँ निवासी शंकरपुरी गली नं0 01थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।**

- **पंजीकृत अभियोगः-**

  **1.मु0अ0स0 0006/2023 धारा 302 /120 बी भादवि थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।**

- **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 हरवेन्द्र मिश्रा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 नितिन कुमार त्यागी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री अशेष कुमार चौकी प्रभारी सब्जी मण्डी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0का0 729 सन्तोष कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 962 अमन छोंकर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 करन सिंह सर्विलास सैल जनपद फिरोजाबाद।